>

Title: Need to construct a permanent bridge over the Ghaghra river at Kamharia ghat in Uttar Pradesh.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): आदरणीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान दोबारा इस विषय की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं, क्योंकि यह लोक हित का बहुत अर्जेन्ट मैटर है। यह मेरे संसदीय क्षेत्र का मामला है। माननीय मंत्री जी कृपया ध्यान दें, क्योंकि यह बहुत आवश्यक मामला है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में आलापुर के नाम से जो हमारा विधान सभा क्षेत्र हैं, वहां हम लोग छः-सात महीने एक विधान सभा क्षेत्र से दूसरे विधान सक्षा क्षेत्र में नहीं जा पाते हैं। वहां पीपे का पुल है और सरकार का हमने दो बार इस ओर ध्यान आकृष्ट किया था। वहां लोगों को शादी-ब्याह आदि तमाम कार्यों के लिए आना-जाना पड़ता है। वहां प्रदेश सरकार ने पीपे के पुल की व्यवस्था की है, उस जगह को कम्हरिया घाट बोलते हैं यह संत कबीर नगर लोक सभा क्षेत्र में आता है, जिसमें दो विधान सभा क्षेत्र खजनी और आलापुर हैं। दोनों के बीच में घाघरा नदी बहती है और इसके ऊपर कम्हरिया घाट पर पक्के पुल का निर्माण होना है। यदि इस पुल का वहां निर्माण हो जाता है तो गोरखपुर से इलाहाबाद की दूरी 70 किलोमीटर कम हो जायेगी। यह स्टेट हाईवे है और केवल पक्के पुल के अभाव में वहां आने-जाने में बहुत सी दिक्कतें होती हैं। छः महीने हम लोगों को घूमकर इस दो विधान सभा में जाना पड़ता है या तो फैजाबाद से जाना पड़ता है या आजमगढ़ से होकर जाना पड़ता है। इस तरह से हम लोगों को 150 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है। इसलिए यह लोकहित का बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

महोदय, यह बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है, यहां बुनकरों की बहुत बड़ी आबादी है। ये लोग गरीब हैं, यदि उनमें से किसी को यदि शादी-ब्याह करना पड़ता है तो बहुत परेशानी होती है और यदि बरसात का मौसम होता है तो शादियां टालनी पड़ती हैं। चूंकि वहां सारे रास्ते बंद हो जाते हैं। इसलिए कम्हरिया घाट पर इस पुल का निर्माण होना बहुत आवश्यक है, ताकि वहां के लोगों को आने-जाने में जो असुविधा होती है, वह असुविधा दूर हो सके। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Sh.Nripendra Nath Roy, at this moment there is no interpretation available. You may speak later when the Interpreter comes. Now Mr. Virendra Kumar.